(b) हत्या का प्रयास - 1 धारा 307
(c) आपराधिक मानव वध- 4 धारा 299
(d) उद्दापन - 2 धारा 383

90. **'A' obtained a sum of ₹10,000/- from 'B' by putting 'B' in fear of death. Which one of the following offences was committed by 'A'?**
'क' ने 'ख' को मृत्यु की धमकी देकर 'ख' से ₹10,000 की राशि ले ली। 'क' ने निम्नलिखित में से कौन सा अपराध किया है?
(a) Cheating/छल
(b) Robbery/लूट
(c) Mischief/रिष्टि
(d) Extortion/उद्दापन

Ans. (d): क भारतीय दण्ड संहिता की धारा 383 में परिभाषित उद्दापन के अपराध का दोषी होगा। उद्दापन के आवश्यक तत्व निम्न प्रकार से है
1. साशय किसी व्यक्ति को
(i) स्वयं उसको, या
(ii) किसी अन्य को क्षति कारित करने के भय में डालना।
2. इस प्रकार भय में डाले गये व्यक्ति को
(i) कोई संपत्ति या
(ii) मूल्यावान प्रतिभूमि परिदत्त करने के लिए बेईमानी से उत्प्रेरित करना।

91. **"Dishonest misappropriation of property" is an offence against:**
'सम्पत्ति का बेईमानी से दुर्विनियोग' निम्न में से किसके विरुद्ध अपराध है?
(a) Movable property/चल सम्पत्ति
(b) Immovable property/अचल सम्पत्ति
(c) Both (a) and (b)/(a) तथा (b) दोनों
(d) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (a) : भारतीय दण्ड संहिता की धारा 403 के अनुसार सम्पत्ति का बेईमानी से दुर्वियोग जंगम/चल सम्पत्ति के विरुद्ध अपराध है।

Link the Life with Law
www.linkinglaws.com

92. **Under which one of the following Sections of I.P.C., rash and negligent driving of vehicle on public way is an offence?**
भारतीय दण्ड संहिता की निम्नांकित किस धारा के अन्तर्गत "लोकमार्ग पर उतावलेपन या उपेक्षा के कोई वाहन चलाना", अपराध है?
(a) Section 278/धारा 278
(b) Section 273/धारा 273
(c) Section 279/धारा 279
(d) Section 280/धारा 280

Ans. (c)

93. **"Court of Justice" is defined in I.P.C. under-**
"न्यायालय" शब्द को भारतीय दण्ड संहिता की किस धारा में परिभाषित किया गया है?
(a) Section 17/धारा 17
(b) Section 18/धारा 18
(c) Section 19/धारा 19
(d) Section 20/धारा 20

Ans. (d) : प्रश्नगत धाराओं के सुसंगत प्रावधान निम्न प्रकार से है
(a) धारा 17 -'सरकार' की परिभाषा
(b) धारा 18 - 'भारत' शब्द की परिभाषा
(c) धारा 19 - 'न्यायाधीश की परिभाषा
(d) धारा 20 - "न्यायालय की परिभाषा

94. **Which one of the following Sections of I.P.C. applies the maxim, "Ignorance of law is no excuse"?**
भारतीय दण्ड संहिता की निम्नांकित कौन सी धारा "विधि की भूल क्षम्य नहीं है" सिद्धान्त को समाविष्ट करती है?
(a) Section 77/धारा 77
(b) Section 78/धारा 78
(c) Section 79/धारा 79
(d) None of the above/उक्त में कोई नहीं

Ans. (c): प्रश्नगत प्रावधान धारा 76 तथा 79 में किया गया है। धारा 79 के अनुसार कोई बात अपराध नहीं है जो ऐसे व्यक्ति द्वारा की जाये जो उसे करने के लिए विधि द्वारा न्यायानुमत हो या तथ्य की भूल के कारण, सद्भावपूर्वक विश्वास करता हो कि वह उसे करने के लिए विधि द्वारा न्यायानुमत है।

95. **Section 304-B and Section 498-A of I.P.C. are -**
भारतीय दण्ड संहिता की धारायें 304-ख तथा 498-क
(a) mutually inclusive /आपस में समावेशी हैं।
(b) not mutually inclusive/आपस में समावेशी नहीं है।
(c) used only by Supreme Court /केवल उच्चतम न्यायालय द्वारा प्रयोग में लाई जाती हैं।
(d) not to be used generally/साधारणतया प्रयोग में नहीं लाई जाती हैं।

Ans. (b)

96. **'A' by falsely pretending to be in the civil service, intentionally deceives 'Z', and thus dishonestly induces 'Z' to let him have on credit goods for which he does not mean to pay. 'A' has committed 'क'**
सिविल सेवा में होने का मिथ्या अपदेश करके साशय 'य' से प्रवंचना करता है, और इस प्रकार बेइमानी से 'य' को उत्प्रेरित करता है कि वह उसे उधार पर माल लेने दे, जिसका मूल्य चुकाने का उसका इरादा नहीं है। 'क' द्वारा किया गया अपराध है
(a) Cheating by personation/प्रतिरूपण द्वारा छल
(b) Cheating/छल
(c) Extortion/उद्दापन
(d) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (b): प्रश्नगत समस्या धारा 415 के दृष्टांत (क) पर आधारित है। धारा 415 छल को परिभाषित करती हैं। यहाँ पर क छल के अपराध का दोषी होगा।

97. **'A' distributes compact disk (CD) to 'B', a young boy of 19 years, for seeing obscene pictures for recreation. 'A' has committed an offence under which of the following Sections of Indian Penal Code?**
'क', 'ख' को, जो 19 वर्ष का युवक है, एक काम्पैक्ट डिस्क (सी.डी.), अश्लील तस्वीरें आमोदार्थ देखने के लिये बाँटता है। 'क' ने भारतीय दण्ड संहिता की निम्न में से किस धारा के अन्तर्गत अपराध किया है?
(a) Section 292/धारा 292
(b) Section 293/धारा 293
(c) Section 294/धारा 294
(d) Section 295/धारा 295

Ans. (b): प्रश्नगत धाराओं के प्रावधान निम्न प्रकार से होंगे (a) धारा 292 - अश्लील पुस्तकों आदि का विक्रय (b) धारा 293 - तरुण व्यक्तियों को अश्लील वस्तुओं का विक्रय आदि
(c) धारा 294 - अश्लील कार्य तथा गाने
(d) धारा 295 - किसी वर्ग के धर्म का अपमान, करने के आशय से उपासना के स्थान की क्षति करना या अपवित्र करना।

98. **Read the following:**
निम्न पर विचार कीजिए:
(1) There is either theft or extortion in robbery. प्रत्येक प्रकार की लूट में या तो चोरी या उद्यापन होता है।
(2) The offence of theft become robbery when it is coupled with danger to life. चोरी, लूट हो जाती है जब उसके साथ जीवन को जोखिम में डाल दिया जाता है? of the above:/उपरोक्त में:
(a) (1) is true but (2) is false. /(1) सही है, किन्तु (2) गलत है
(b) (1) is false but (2) is true. /(1) गलत है, किन्तु (2) सही है।
(c) (1) and (2) both are true. /(1) तथा (2) दोनों सही हैं।
(d) (1) and (2) both are false./ (1) तथा (2) दोनों गलत हैं।

Ans. (c) : कथन (1) तथा (2) दोनों सही है। डकैती में लूट सम्मिलित है और लूट चोरी या उद्दापन का उग्र रूप है। अतः डकैती में चोरी और उद्दापन दोनों सम्मिलित है। डकैती केवल अभियुक्तों की संख्या के आधार पर लूट से भिन्न है। यह लूट से अधिक उग्र है और इसमें व्यक्तियों की अधिक संख्या के कारण आसन्न खतरे का भय बना रहता हैं।

99. **'Z' is carried off by a tiger. 'A' fires at the tiger knowing it to be likely that the shot may kill Z but not intending to kill Z; and in good faith intending Z's benefit. A's bullet gives Z a mortal wound. A shall be guilty of -**
'य' को एक बाघ उठा ले जाता है। यह जानते हुये कि सम्भाव्य है कि गोली लगने से 'य' मर जाय, किन्तु 'य' का वध करने का आशय न रखते हुये और सद्भावना पूर्वक 'य' के फायदे के आशय से 'क' उस बाघ पर गोली चला देता है। 'क' की गोली से 'य' को मृत्युकारक घाव हो जाता है। 'क' दोषी है :
(a) Murder/हत्या का
(b) Culpable homicides not amounting to murder
आपराधिक मानव-वध जो हत्या नहीं है
(c) Causing death by accident
दुर्घटना के द्वारा मृत्यु कारित करना
(d) No offence/कोई अपराध नहीं

Ans. (d) : यहाँ पर क किसी अपराध का दोषी नहीं होगा क्योंकि क का आशय आपराधिक नहीं है बल्कि उसका आशय बाद को मार कर 'स' को बचाना है। अतः धारा 83 के अधीन वह प्रतिरक्षित होगा क्योंकि उसने यह कार्य आवश्यकतावश किया था।

100. **Which one of the following is a continuing offence?**
निम्नलिखित में से अनवरत् अपराध कौन सा है?
(a) Abetment/दुष्प्रेरण
(b) Rape/बलात्कार
(c) Abduction/अपहरण
(d) Theft/चोरी

Ans. (c) : धारा 362 के अधीन अपहरण का अपराध निरन्तर जारी रहने वाला (Continuing) अपराध होता है जबकि व्यपहरण का अपराध एक बार में ही पूरा हो जाता है।

101. **Which of the following is not matched correctly under Indian Penal Code?**
भारतीय दण्ड संहिता के अधीन निम्नलिखित में से कौन सुमेलित नहीं है?
(a) Thug/ठग - Section 309 धारा 309
(b) Counterfeiting coins - Section 231
सिक्के का कूटकरण धारा 231
(c) Bribery - Section 171-B रिश्वत धारा 171-ख
(d) Gender - Section 8 लिंग- धारा 8

Ans. (a): भारतीय दण्ड संहिता की धारा 310 में 'ठग' शब्द को निम्न प्रकार से परिभाषित किया गया है 'जो कोई इस अधिनियम के पारित होने के पश्चात किसी समय हत्या द्वारा या हत्या सहित लूट या शिशुओं की चोरी करने के प्रयोजन के लिए अन्य व्यक्ति या व्यक्तियों से अभ्यासतः सहयुक्त रहता है, वह ठग है। धारा 309 आत्महत्या करने के प्रयत्न से संबंधित है।

**102. 'A', having insured his shop, voluntarily causes fire to his shop, intending to realize insured money from the insurance company. 'A' has committed-**
'अ', एक बीमा कम्पनी से पैसा वसूलने के लिये जानबूझकर अपनी बीमा शुदा दुकान में आग लगा देता है। 'अ' ने कौन सा अपराध किया है?
(a) Mischief/रिष्ट
(b) Cheating/छल
(c) Extortion/उद्दापन
(d) None of the above/उपरोक्त में कोई नहीं

Ans. (a): प्रश्नगत समस्या भारतीय दण्ड संहिता की धारा 425 पर आधारित है। अतः 'अ' ने रिष्टि का अपराध किया है।

**103. Read the following:**
निम्न पर विचार कीजिए:
(1) The maxim "Actus me invito factus non est mens acts" finds application in Section 94 of I.P.C. "मेरे द्वारा, मेरी इच्छा के विरुद्ध किया गया कार्य मेरा नहीं है।" सिद्धान्त ने भारतीय दण्ड संहिता की धारा 94 में स्थान पाया है।
(2) The maxim "diminimis non curat lex" has been incorporated in Section 95 of I.P.C. Of the above : "विधि तुच्छ कार्यों पर ध्यान नहीं देती है" का सिद्धान्त भारतीय दण्ड संहिता की धारा 95 में निगमित है। उपरोक्त में
(a) (1) is true but (2) is false. /(1) सही है, किन्तु (2) गलत है। (b) (1) is false but (2) is true (1) गलत है, किन्तु (2) सही है।
(c) Both (1) and (2) are true (1) तथा (2) दोनों सही हैं।
(d) Both (1) and (2) are false.
(1) तथा (2) दोनों गलत हैं।

Ans. (c) : धारा 94 में 'वह कार्य जिसको करने के लिए कोई व्यक्ति धमकियों द्वारा विवश किया गया हो' के बारे में प्रावधान किया गया है जो 'मेरी द्वारा मेरी इच्छा के विरुद्ध किया गया कार्य मेरा नहीं है' के सिद्धांत पर आधारित है जबकि धारा 95 'तुच्छ अपहानि कारित करने वाले कार्य के बारें में प्रावधान किया गया है जो इस सिद्धांत पर आधारित है कि "विधि तुच्छ कार्यों पर ध्यान नहीं देती है।' (dminismis non-cout lex) अतः दोनों कथन सत्य है।

**104. 'A' is at work with a hatchet, the head flies off and kills a man who is standing nearby. 'A' is guilty of -**
'क', कुल्हाड़ी से काम कर रहा है, कुल्हाड़ी का फल उसमें से उछल जाता है और निकट खड़ा हुआ व्यक्ति उससे मारा जाता है।'क'दोषी होगी:
(a) Murder/हत्या
(b) Culpable homicide not amounting to murder. /आपराधिक मानव-वध का जो हत्या नहीं है।
(c) Grievous hurt/गम्भीर उपहति का
(d) No offence/कोई अपराध नहीं

Ans. (d): प्रस्तुत समस्या भारतीय दण्ड संहिता की धारा 80 विधिपूर्ण कार्य करने में दुर्घटना के दृष्टान्त पर आधारित है। अतः किसी अपराध का दोषी नहीं होगा।

**105. In which one of the following Sections of I.P.C., "Kidnaping or maiming a minor for begging" has been discussed?**
भारतीय दण्ड संहिता की निम्न किस धारा में, "भीख माँगने के प्रयोजनों के लिये अप्राप्तवय का व्यपहरण या विकलांगीकरण" को वर्णित किया गया है?
(a) Section 363/धारा 363 में
(b) Section 364/धारा 364 में
(c) Section 363-A/धारा 363-क
(d) Section 364-A/धारा 364-क में

Ans. (c) : प्रश्नगत धाराओं के संगत प्रावधान निम्न प्रकार से होंगे
(a) धारा 363 - व्यपहरण के लिए दण्ड
(b) धारा 364 - हत्या करने के लिए व्यपहरण या अपहरण
(c) धारा 363-क भीख मांगने के प्रयोजनों के लिए अप्राप्तवय व्यपहरण या अपहरण
(d) धारा 364-क मुक्ति धन के लिए व्यपहरण

**106. How many kinds of hurts are grievous hurt under Section 320 of I.P.C. ?**
भारतीय दण्ड संहिता की धारा 320 में घोर उपहति के अन्तर्गत कितने प्रकार की उपहतियों को शामिल किया गया हैं? (a) 6
(b) 7
(c) 8
(d) 9

Ans. (c): धारा 320 के अनुसार उपहति की केवल नीचे लिखी किस्में 'घोर' कहलाती है
1. पुंसत्वहरण

2. दोनों में से किसी नेत्र की दृष्टि का स्थायी विच्छेद।
3. दोनों में से किसी भी कान की श्रवण शक्ति का स्थायी विच्छेद।
4. किसी भी अंग या जोड़ का विच्छेद।
5. किसी भी अंग या जोड़ की शक्तियों का नाश या स्थायी ह्रास।
6. सिर या चेहरे का विद्रूपीकरण।
7. अस्थि या दांत का भंग या विसंधान।
8. कोई उपहति जो जीवन को संकटापन्न करती है या जिसके कारण उपहत व्यक्ति बीस दिन तक तीव्र शारीरिक पीड़ा में रहता है या अपने मामूली काम-काज को करने के लिए असमर्थ रहता है।

**107. Read the following:**
निम्न पर विचार कीजिए:
(1) R.Vs. Mcnaughten is the case related with insanity as a defence.
आर. बनाम मैक्नाटेन, विकृतचित्तता एक बचाव, से सम्बन्धित वाद है।
(2) R. Vs., Govinda is the case related with common intention.
आर. बनाम गोविन्दा, सामान्य आशय से सम्बन्धित वाद है।
of the above:/उपरोक्त में
(a) (1) is true but (2) is false./ (1) सही है, किन्तु (2) गलत है।
(b) (1) is false but (2) is true./ (1) गलत है, किन्तु (2) सही है।
(c) Both (1) and (2) are true. / (1) तथा (2) दोनों सही हैं।
(d) Both (1) and (2) are false. /(1) तथा (2) दोनों गलत हैं।
Ans. (a) : आर बनाम मैक्नाटेन का वाद भारतीय दण्ड संहिता की धारा 84 पर आधारित है जो चित्त विकृत्तता के बारे में बचाव का प्रावधान करती है जबकि आर बनाम गोविन्दा का वाद आपराधिक मानव वध (धारा 299) तथा हत्या (धारा 300) के बीच अन्तर पर आधारित है।

**108. Read the following-**
निम्न पर विचार कीजिए
(1) R. Vs. Dudley & Stephens is the case related with necessity. आर. बनाम डडले एण्ड स्टीफेंस आवश्यकता से सम्बन्धित वाद है।
(2) State Vs. K.M. Nanawati is the case related with murder on grave and sudden provocation. राज्य बनाम के.एम. नानावती, गम्भीर एवं अचानक प्रकोपन के कारण हत्या से सम्बन्धित वाद है। of the above :/उपरोक्त में
(a) (1) is true but (2) is false. /(1) सही है, (2) किन्तु गलत है।
(b) (1) is false but (2) is true./ (1) गलत है, किन्तु (2) सही है।
(c) Both (1) and (2) are true. / (1) तथा (2) दोनों सही हैं।
(d) Both (1) and (2) are false.
(1) तथा (2) दोनों गलत हैं।
Ans.(c)

**109. 'X' on receiving grave and sudden provocation from 'Z', intentionally causes the death of 'Y'. who is brother of 'Z', 'X' has committed the offence of-**
'क' को 'ख' से गम्भीर और अचानक प्रकोपन मिला और उसने साशय 'य' की मृत्यु कारित कर दी। 'य', 'ख' का भाई है। 'क' ने अपराध किया है
(a) Murder/हत्या का
(b) Culpable homicide not amounting to murder/आपराधिक मानव-वध का जो हत्या नहीं है।
(c) Grievous hurt/घोर उपहति का ।
(d) Attempt to murder/हत्या के प्रयत्न का
Ans. (a): गंभीर तथा अचानक प्रकोपन के बारे में प्रावधान धारा 300 के पहले अपवाद में किया गया है। जब कार्य गंभीर तथा अचानक प्रकोपन के परिणामस्वरूप किया जाता है तो इसे आपराधिक मानव वध नहीं माना जाता परन्तु यह कई अपवादों के अधीन है जिसमें से पहला अपवाद यह है कि वह प्रकोपन किसी व्यक्ति का वध करने या अपहानि करने के लिए अपराधी द्वारा प्रतिहेतु के रूप में ईप्सित न हो या स्वेच्छया प्रकोपित न हों। प्रश्नगत समस्या में मृत्यु ऐसे व्यक्ति की कारित की गयी है जिसने कोई प्रकोपन नहीं दिया है बल्कि वह प्रकोपन देने वाले व्यक्ति का भाई है। अतः धारा 300(1) लागू नहीं होगी और 'क' हत्या के अपराध का दोषी होगा।

www.linkinglaws.com

**110. 'X' having sufficient food, does not provide some food to a beggar, who dies of hunger. 'X' is guilty of -**
'क', एक भिखारी को पर्याप्त खाद्य सामग्री होने के बावजूद भोजन नहीं देता है जिसके कारण उसकी मृत्यु हो जाती है। 'क' दोषी है
(a) No offence/किसी भी अपराध के लिये नहीं
(b) Attempt to murder/हत्या के प्रयास के लिये

(c) Murder/हत्या के लिये
(d) Culpable homicide not amounting to murder
आपराधिक मानव-वध जो हत्या नहीं है, के लिये

Ans.(a): भिखारी के भरण-पोषण की विधिक सहायता क के ऊपर नहीं है, अतः वह किसी अपराध के लिए दायी नहीं होगा यद्यपि वह नैतिक रूप से दायी हो सकता था। परन्तु नैतिक दायित्व को दण्ड संहिता मान्यता नहीं प्रदान करती है।

**111. Read the following:**
निम्न पर विचार कीजिए:
(1) Indian Courts have jurisdiction to try crime committed by an Indian in a foreign country. एक भारतीय द्वारा विदेश में किये गये अपराध के विचारण का क्षेत्राधिकार भारत के न्यायालयों को है।
(2) Indian Courts do not have jurisdiction to try crime committed by a foreigner in India, एक विदेशी द्वारा भारत में किये गये अपराध के विचारण का क्षेत्राधिकार भारतीय न्यायालयों को नहीं है।
Of the above :/उपरोक्त में
(a) (1) is true but (2) is false. (1) सही है, किन्तु (2) गलत है।
(b) (1) is false but (2) is true./ (1) गलत है, किन्तु (2) सही है।
(c) Both (1) and (2) are true.(1) तथा (2) दोनों सही हैं।
(d) Both (1) and (2) are false./ (1) तथा (2) दोनों गलत हैं।

Ans. (a)

**112. 'A', claiming to be a family planning expert gave 'X' some chemical. After consuming the chemical, the child in the womb of 'X' die in the womb. 'A' has committed-**
परिवार नियोजन का विशेषज्ञ होने का दावा करने वाले एक व्यक्ति 'क' ने 'य' को कुछ रसायन दिया। रसायन का उपभोग करने से 'य' के गर्भ में पल रहे बच्चे की गर्भ में मृत्यु हो गयी। 'क' ने कौन सा अपराध कारित किया है?
(a) No offence/कोई अपराध नहीं।
(b) Offence of murder/हत्या का अपराध।
(c) Offence of culpable homicide not amounting to murder/आपराधिक मानववध का अपराध जो हत्या नहीं है।
(d) Offence of causing miscarriage
गर्भपात कारित कराने का अपराध

Ans. (d): धारा 313 के अनुसार जो कोई उस स्त्री की सम्मति के बिना गर्भपात कारित करेगा वह आजीवन कारावास से या दोनों में से किसी भांति के कारावास से जिसका अवधि दस वर्ष तक हो सकेगी दण्डित किया जायेगा और जुर्माने से भी दण्डनीय होगा।
इस प्रश्न में रसायन परिवार नियोजन के लिए दिया गया था। अतः स्पष्ट है कि स्त्री की सम्मति नियोजन के बारे में थी गर्भपात के बारे में नहीं।

**113. Shatrughan Chauhan Vs. Union of India (2014) 3 S.C.C. 1 is the case related to-**
शत्रुघन चौहान बनाम भारत संघ (2014)3 एस.सी.सी. 1 वाद किससे सम्बन्धित है?
(a) giving false evidence before the court
न्यायालय के समक्ष झूठी गवाही देने से
(b) waging war against the state
राज्य के विरुद्ध युद्ध छेड़ने से
(c) commutation of death sentence to life imprisonment
फाँसी की सजा को आजीवन कारावास में बदलने से
(d) none of the above/उपरोक्त में से कोई नहीं

Ans. (c):

**114. In which of the following cases, recently the Supreme Court has upheld the constitutional validity of a criminal statute in "offences against the order of the nature"?**
निम्नलिखित में से किस वाद में, अभी हाल में उच्चतम न्यायालय ने एक अपराधिक संविधि में "प्रकृति विरुद्ध अपराध" की सांविधानिकता सिद्ध की है?
(a) National Legal Services Authority Vs. Union of India /नेशनल लीगल सर्विसेज अथारिटी बनाम भारत संघ
(b) Charu Khurana Vs. Union of India /चारु खुराना बनाम भारत संघ
(c) Jaya Bhaduri Vs. Union of India /जया भादुड़ी बनाम भारत संघ
(d) Suresh Kumar Kaushal Vs. Naz Foundation/सुरेश कुमार कौशल बनाम नाज फाउन्डेशन

www.linkinglaws.com

Ans. (d): प्रकृति विरुद्ध अपराध IPC की धारा 377 में परिभाषित है।

**115. 'A' finds a ring lying on the high-road not in the possession of any person. He keeps it to himself. 'A' has committed -**
'क' को राजमार्ग पर पड़ी हुई अँगूठी मिलती है, जो किसी व्यक्ति के कब्जे में नहीं है। वह उसे अपने लिये रखा लेता है। 'क' कारित करता है
(a) Theft/चोरी
(b) Criminal misappropriation/आपराधिक दुर्विनियोग
(c) Criminal breach of trust/आपराधिक न्यास-भंग
(d) None of the above/उपरोक्त में कोई नहीं

Ans.(b): प्रश्नगत समस्या भारतीय दण्ड संहिता की धारा 403 (सम्पत्ति का बेईमानी से दुर्विनियोग) के दृष्टान्त (f) पर आधारित है।

**116. 'A' cuts down a tree on B's land with the intention of dishonestly taking the tree out of B's possession without B's consent. A has committed-**
'क', 'ख' की भूमि पर स्थित पेड़ को बेईमानी से ले जाने के इरादे से 'ख' की अनुमति के बिना काट डालता है। 'क' ने कौन सा अपराध किया है?
(a) No offence until the tree is taken away. /कोई अपराध नहीं किया जब तक कि पेड़ ले जाया न जाय।
(b) the offence of criminal misappropriation of property. /सम्पत्ति के आपराधिक दुर्विनियोजन का अपराध किया है।
(c) the offence of criminal breach of trust./आपराधिक न्यास-भंग का अपराध किया है।
(d) the offence of theft./चोरी का अपराध किया है।

Ans. (d): क चोरी के अपराध का दोषी होगा जिसे धारा 378 में परिभाषित किया गया है। धारा 378 के आवश्यक तत्व निम्न हैं संपत्ति को बेईमानी से लेने का आशय, 2. संपत्ति चल हो, 3. संपत्ति को दूसरे व्यक्ति के कब्जे से लिया जाये, 4. संपत्ति को दूसरे व्यक्ति की सम्मति के बिना लिया जाये, 5. संपत्ति को लेने के लिए उसे उसके स्थान से कुछ दूर हटाया जाये। जब तक कोई वस्तु भूबद्ध रहती है, जंगम संपत्ति न होने से चोरी का विषय नहीं होती, परन्तु ज्यों ही वह भूमि में पृथक् की जाती है वह चोरी का विषय होने के योग्य हो जाती है। अतः वहाँ पर जैसे ही क ने इस प्रकार लेने के आशय से उस वृक्ष को पृथक किया वह चोरी के अपराध को दोषी हो गया।

**117. 'A' intentionally pulls up a woman's veil in order to annoy her. 'A' commits -**
'अ' साशय एक स्त्री को क्षुभित करने के इरादे से उसके चेहरे पर पड़ा बूंघट हटा देता है। 'अ' दोषी है
(a) Wrongful restraint/सदोष अवरोध का
(b) Assault/हमले का
(c) Criminal force/आपराधिक बल प्रयोग करने का
(d) Defamiation/मानहानि का।

Ans. (c): प्रश्नगत समस्या धारा 350 में परिभाषित आपराधिक बल के दृष्टांत (च) पर आधारित है, अ, स्त्री का चूंघट साशय हटाता है। यहाँ पर अ ने उस पर साशय बल का प्रयोग किया है और यदि उसने उस स्त्री की सम्मत्ति के बिना यह कार्य यह आशय रखते हुए या संभाव्य जानते हुए किया है कि उससे उसको क्षति, भय या क्षोभ उत्पन्न हो तो उसने उस पर आपराधिक बल का प्रयोग किया है और वह आपराधिक बल के प्रयोग का दोषी होगा।

**118. Which Section of I.P.C. provide for "imprisonment for non-payment of fine, when offence punishable with fine only"?**
भा.दं.सं. की कौन सी धारा "जुर्माना न देने पर कारावास जबकि अपराध केवल जर्माना से दण्डनीय हो" के बारे में प्रावधान करती है?
(a) Section 63/धारा 63
(b) Section 64/धारा 64
(c) Section 67/धारा 67
(d) None of the above/उक्त में से कोई नहीं

Ans. (c): प्रश्नगत धाराओं के प्रावधान निम्न प्रकार से है
(a) धारा 63 - जुर्माने की रकम
(b) धारा 64 - जुर्माना नहीं देने पर कारावास का दण्डादेश
(c) धारा 67 - जुर्माना न देने पर कारावास जबकि अपराध
(d) केवल जुर्माने से दण्डनीय है।

**119. Which of the following Section of I.P.C. provide for solitary confinement of an convict?**
भा.दं.सं. की निम्नलिखित में से कौन सी धारा बन्दी के एकान्त परिरोध के लिये प्रावधान करती है?

www.linkinglaws.com

(a) Section 71/धारा 71
(b) Section 72/धारा 72
(c) Section 73/धारा 73
(d) None of the above/उक्त में से कोई नहीं

Ans. (c): प्रश्नगत धाराओं के प्रावधान निम्न प्रकार से होंगे
(a) धारा 71 - कई अपराधों से मिलकर बने अपराध के लिए दण्ड की अवधि
(b) धारा 72 - कई अपराधों में से एक के दोषी व्यक्ति के लिए दण्ड जबकि निर्णय में यह कथित है कि यह संदेह है कि वह किस अपराध का दोषी है
(c) धारा 73 - एकान्त परिरोध

120. In which of the following offences, guilty intention is not an essential element?
निम्न में से किस अपराध में दुराशय आवश्यक तत्व नहीं है?
(a) Murder/हत्या
(b) Theft/चोरी
(c) Robbery/लूट
(d) Bigamy/faracle

Ans. (d): द्विविवाह के अपराध में दुराशय आवश्यक तत्व नहीं है। द्विविवाह को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 494 में परिभाषित किया गया है।

121. When two or more persons fight in a public place and commit breach of peace, they commit-
जब दो या दो से अधिक व्यक्ति एक सार्वजनिक स्थान पर लड़ते हैं तथा लोक शांति भंग करते हैं, तो वे दोषी होंगे
(a) Riot/बलवा के
(b) Robbery/लूट के
(c) Affray/दंगा के
(d) No offence/कोई अपराध नहीं

Ans.(c): दंगा को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 159 में परिभाषित किया गया है। धारा 159 के अनुसार जब कि दो या दो से अधिक व्यक्ति लोक स्थान में लड़कर लोक शांति में विघ्न डालते है, तब यह कहा जाता है कि वे दंगा करते हैं।

122. "Any such fact which possesses probative force, is called evidence." This definition belongs to -
"कोई भी तथ्य जिसमें प्रमाणकारी बल हो, साक्ष्य कहलाता है।" यह परिभाषा सम्बन्धित है
(a) Salmond/सामण्ड से
(b) Stephen/स्टीफेन से
(c) Phipson/फिप्सन से
(d) Bentham/बेंथम से

Ans. (a): साक्ष्य को परिभाषित करते हुए प्रो0 सामण्ड ने कहा है कि "कोई भी ऐसा तथ्य जिसमें प्रमाणकारी बल हो, साक्ष्य कहलाता है।"

123. 'A' sought to appear at the B.A. examination on the basis of forged marksheet of Intermediate. But forged marksheet was detected before the commencement of examination. 'A' is guilty of -
'अ' ने इन्टरमीडिएट के जाली अंकपत्र के आधार पर बी.ए. परीक्षा में बैठने के लिये आवेदन किया किन्तु परीक्षा आरम्भ होने के पूर्व ही जाली अंकपत्र पकड़ लिया गया। 'अ' दोषी है
(a) Cheating/छल का
(b) Atempt to cheat/छल के प्रयत्न का
(c) Criminal breach of trust/आपराधिक न्यास भंग का
(d) None of the above/उक्त में कोई नहीं

Ans. (b) : प्रश्नगत समस्या अभयानंद बनाम बिहार राज्य के वाद पर आधारित है। यहाँ पर अ छल करने के प्रयत्न का दोषी होगा। यदि वह अपने प्रयास में सफल हो गया होता तो धारा 415 के अधीन छल का दोषी होता।

124. Robbery is dacoity when the minimum number of persons committing robbery is -
लूट को डकैती तब माना जाता है जबकि लूट करने वाले व्यक्तियों की संख्या कम से कम
(a) 10 persons/10 व्यक्ति हो
(b)5 persons/5 व्यक्ति हो
(c) 6 persons/6 व्यक्ति हो
(d) 4 persons/4 व्यक्ति हो

Ans. (b): डकैती का प्रत्येक मामला मूलतः लूट का मामला होता है। डकैती में भाग लेने वालों की संख्या पांच या पांच से अधिक होनी चाहिए। जब कभी पांच या पांच से अधिक व्यक्ति मिलकर लूट करते हैं तो लूट का यह मामला डकैती का अपराध बन जाता है। इस प्रकार डकैती पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों द्वारा की गयी लूट होती है। इस प्रकार डकैती केवल अभियुक्तों की संख्या के आधार पर ही लूट से भिन्न हैं। डकैती को IPC की धारा 391 में परिभाषित किया गया है।

**125. Electronic records were included in Section 3 the Evidence Act w.e. from-**
साक्ष्य अधिनियम की धारा 3 में इलेक्ट्रोनिक अभिलेखों को किस तिथि से शामिल किया गया?
(a) 17 October, 2000/17 अक्टूबर, 2000
(b) 10 October, 2000/10 अक्टूबर, 2000
(c) 2 October, 2000/2 अक्टूबर, 2000
(d) 14 November, 2000/14 नवम्बर, 2000
Ans.(a)

**126. Match List-I and List-I and find out the correct answer according to code given below the lists.**
सूची-I तथा सूची-II का सम्मिलन करें तथा दिये गये कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिये:

| List-I/सूची-I | List-II/सूची-II |
|---|---|
| (Offence) | (Sections of I.P.C.) |
| A. Document (दस्तावेज) | 1. Section 3 धारा 3 |
| Primary Evidence प्राथमिक साक्ष्य | Section 62 धारा 62 |
| C. Secondary Evidence द्वितीयक साक्ष्य | 3. Section 63 धारा 63 |
| D. Oral Evidence मौखिक साक्ष्य | 4. Section 60 धारा 60 |

Codes :/कूट:
A B C D
(a) 2 3 1 4
(b) 1 2 3 4
(c) 3 2 1 4
(d) 2 1 43
Ans. (b) :
सुमेल निम्न प्रकार से होगा -

| सूची-1 (धारा) | सूची-II (प्रावधान) |
|---|---|
| A. दस्तावेज | 1. धारा 3 |
| B. प्राथमिक साक्ष्य | 2. धारा 62 |
| C. द्वितीयक साक्ष्य | 3. धारा 63 |
| D. मौखिक साक्ष्य | 2. धारा 60 |

**127. Which Section of Evidence Act deals with rule of res gestae?**
साक्ष्य अधिनियम की कौन सी धारा सम्बन्धित तथ्य और कार्य (रेस जेस्टी) से सम्बन्धित है?
(a) Section 7/धारा 7
(b) Section 9/धारा 9
(c) Section 10/धारा 10
(d) Section 6/धारा 6
Ans. (d): धारा 6 में रेसजेस्टे के बारे में प्रावधान किया गया है। धारा 6 के अनुसार जो तथ्य विवाद्यक न होते हुए भी किसी विवाद्यक तथ्य से इस प्रकार संसक्त हैं कि वे एक ही संव्यवहार के भाग है वे तथ्य सुसंगत है चाहे वे उसी समय और स्थान पर या विभिन्न समयों तथा स्थानों पर घटित हुए हों।

**128. For an offence under Section 376 I.P.C., evidence of character of the victim is not relevant under which Section of the Evidence Act?**
भारतीय दण्ड संहिता की धारा 376 के अपराध में पीड़ित का शील साक्ष्य अधिनियम की किस धारा में संगत नहीं है?
(a) Section 53-A/धारा 53-क
(b) Section 114-A/धारा 114-क
(c) Section 53/धारा 53
(d) Section 119/धारा 119
Ans. (a)

**129. "Presumption of Life" is contained in which of following Section of the Indian Evidence Act?**
भारतीय साक्ष्य अधिनियम की निम्नांकित किस धारा में 'जीवन की उपधारणा' उपबन्धित है?
(a) Section 108/धारा 108
(b) Section 106/धारा 106
(c) Secton 104/धारा 104
(d) Section 107/धारा 107
Ans. (d): प्रश्नगत धाराओं के संगत प्रावधान निम्न प्रकार से हैं
(a) धारा 108 - मृत्यु की उपधारणा
(b) धारा 106 - विशेषतः ज्ञात तथ्य को साबित करने का भार
(c) धारा 104 - साक्ष्य को ग्राहय बनाने के लिए जो तथ्य साबित किया जाना हो उसे साबित करने का भार
(d) धारा 107 - उत्तरजीविता की उपधारणा

www.linkinglaws.com

**130. Who can make an admission under the Indian Evidence Act?**
भारतीय साक्ष्य अधिनियम के अन्तर्गत स्वीकृति कौन कर सकता है?
(a) Person from whom interest derived/वह व्यक्ति जिससे हित उत्पन्न हुआ है।
(b) An independent person/एक स्वतंत्र व्यक्ति
(c) Witness to a proceeding कार्यवाही से सम्बन्धित गवाह
(d) The Court/न्यायालय

Ans. (a): भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 18 के अनुसार, स्वीकृति उस व्यक्ति द्वारा जिससे हित व्युत्पन्न हुआ हो के द्वारा की जा सकती है। धारा 18,19,20 में बताया गया है कि किन व्यक्तियों द्वारा स्वीकृति की जा सकती है।

**131. Which, among the following is not a "public document"?**
निम्नलिखित में से कौन "लोक दस्तावेज" नहीं है?
(a) Arrest warrant/गिरफ्तारी का वारंट
(b) Charge-sheet/आरोप पत्र ।
(c) Postmortem Report/शव-परीक्षण रिपोर्ट
(d) Aregistered sale deed/एक पंजीकृत विलेख

Ans.(c): धारा 75 के अधीन शव परीक्षण रिपोर्ट लोक दस्तावेज की श्रेणी में नहीं आती। वादपत्र, लिखित कथन, शपथपत्र, रोजनामचा, विक्रय पत्र आदि को भी लोक दस्तावेज नहीं माना जाता है।

**132. Which Section of the Indian Evidence Act provides that no particular number of witnesses shall in any case be required for the proof of any fact?**
भारतीय साक्ष्य अधिनियम की कौन सी धारा यह उपबन्ध करती है कि किसी मामले में किसी तथ्य को साबित करने के लिये साक्षियों की कोई विशिष्ट संख्या अपेक्षित नहीं होगी?
(a) Section 135/धारा 135
(b) Section 134/धारा 134
(c) Section 136/धारा 136
(d) Section 132/धारा 132

Ans. (b) : धारा 134 के अनुसार किसी मामले में किसी तथ्य को साबित करने के लिए साथियों की कोई विशिष्ट संख्या अपेक्षित नहीं होगी। इस प्रकार यह धारा साक्षियों की विश्वसनीयता को महत्व देती है उनकी संख्या को नहीं।

**133. Which one of the following Sections of the Indian Evidence Act provides provision relating to "refreshing memory"?**
भारतीय साक्ष्य अधिनियम की निम्नांकित किस धारा में "स्मृति ताजा" करने से सम्बन्धित प्रावधान है
(a) Section 161/धारा 161
(b) Section 160/धारा 160
(c) Section 159/धारा 159
(d) Section 158/धारा 158

Ans. (c)

**134. Which Section of Indian Evidence Act makes the provision that there shall be no new trial on the ground of improper admission or rejection of evidence?**
भारतीय साक्ष्य अधिनियम की कौन सी धारा यह उपबन्ध करती है कि साक्ष्य के अनुचित ग्रहण या अग्रहण के आधार पर कोई नवीन विचारण नहीं होगा?
(a) Section 166/धारा 166
(b) Section 167/धारा 167
(c) Section 165/धारा 165
(d) Section 161/धारा 161

Ans. (b) : प्रश्नगत धाराओं के प्रावधान निम्न प्रकार से हैं
(a) धारा 166 - जूरी या असेसरों की प्रश्न करने की विधि
(b) धारा 167 - साक्ष्य के अनुचित ग्राह्य या अग्राह्य के लिए नवीन विचरण नहीं होना
(c) धारा 165 - प्रश्न करने या पेशकरण का आदेश देने की
न्यायालय की शक्ति
(d) धारा 161 - स्मृति ताजा करने के लिए प्रयुक्त लेख के बारे में प्रतिपक्षी का अधिकार

**135. Aplea of alibi**/अन्यत्र उपस्थित होने का अभिवाक
(a) is a special exception under I.P.C. भारतीय दण्ड संहिता में विशेष अपवाद है।
(b) is a general exception under I.P.C. भारतीय दण्ड संहिता में सामान्य अपवाद है।
(c) is only a rule of evidence recognized in S.11 of Evidence Act. साक्ष्य अधिनियम की धारा 11 में मान्य साक्ष्य का मात्र नियम है।
(d) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (c) : धारा 11 के अनुसार वे तथ्य जो अन्यथा सुसंगत नहीं है सुसंगत है (1) यदि वे किसी विवाद्यक तथ्य या सुसंगत तथ्य से असंगत है, (2) यदि वह स्वमेव या अन्य

तथ्यों के संसर्ग में किसी विवाद्यक तथ्य या सुसंगत तथ्य का अस्तित्व या अनस्तित्व को अत्यंत अधिसंभाव्य या अनधिसंभाव्य बनाते हैं।

**136. A "dying declaration" can be "**
मृत्युकालिक कथन" हो सकता है
(a) oral/Hillcoh
(b) in writing/लिखित
(c) in any adequate method of communication /सम्प्रेषण के किसी भी पर्याप्त तरीके में
(d) all the above/उपर्युक्त सभी

Ans. (d): मृत्युकालिक कथन को भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 32(1) में परिभाषित किया गया है।

**137. Which one of the following Section of the Indian Evidence Act, gives effect to the principle that "possession is the prima facie evidence of a complete title"?**
भारतीय साक्ष्य अधिनियम की निम्न कौन सी धारा "कब्जा पूर्ण स्वामित्व का प्रथम दृष्टया साक्ष्य है" के सिद्धान्त को प्रभाव में लाती है?
(a) Section 110/धारा 110
(b) Section 112/धारा 112
(c) Section 113/धारा 113
(d) Section 114/धारा 114

Ans. (a): धारा 110 स्वामित्व के बारे में सबूत के भार के बारे में प्रावधान करती है। धारा 110 के अनुसार जब कि प्रश्न यह है कि क्या कोई व्यक्ति ऐसी चीज का स्वामी है जिस पर उसका कब्जा होना दर्शित किया गया है तब यह साबित करने का भार कि वह स्वामी नहीं है उस व्यक्ति पर हैं जो (प्रति ज्ञात) करता है कि वह स्वामी नहीं है।

**138. Under which Section of Evidence Act continuous cohabitation for a number of years may raise the presumption of marriage?**
साक्ष्य अधिनियम की किस धारा के अधीन अनेक वर्षो का लगातार सहवास, विवाह की अवधारणा कर सकता है?
(a) Section 112/धारा 112
(b) Section 50/धारा 50
(c) Section 114/धारा 114
(d) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

Ans. (b) : धारा 50 में नातेदारी के बारे में राय की सुसंगतता के बारे में प्रावधान किया गया है। धारा 50 के अनुसार जब कि न्यायालय को एक व्यक्ति की किसी अन्य के साथ नातेदारी के बारे में राय बनानी हो, तब ऐसे नातेदारी के अस्तित्व के बारे में ऐसे किसी व्यक्ति के आचरण द्वारा अभिव्यक्त राय, जिसके पास कुटम्ब के सदस्य के रूप में या अन्यथा उस विषय के संबंध में ज्ञात के विशेष साधन हैं, सुसंगत तथ्य है।

**139. Facts alleged by on party and denied by the other in a case is termed as-**
किसी वाद में एक पक्षकार द्वारा अभिकथित और प्रतिपक्षी द्वारा अस्वीकृत तथ्यों को कहा जाता है
(a) Negative facts/नकारात्मक तथ्य
(b) Relevant facts/सुसंगत तथ्य
(c) Facts in issue/विवाद्यक तथ्य
(d) Postitive facts/सकारात्मक तथ्य

Ans. (c): विवाद्यक तथ्य को भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 3 में परिभाषित किया गया है।

**140. Assertion (A): Proviso to Section 132, Evidence Act is a facet of rule "against self incrimination".**
कथन (A): साक्ष्य अधिनियम की धारा 132 का परन्तुक "स्वयं को अपराध में फसाने" के विरूद्ध नियम का एक पक्ष है।
**Reason (R): Policy of Section 132, Evidence Act is to procure evidence for doing justice.**
कारण (R): साक्ष्य अधिनियम की धारा 132 की नीति न्याय के लिये साक्ष्य प्राप्त करना है। Of the above:/उपरोक्त में
(a) Both (A) and (R) are true and (R) is correct explanation of (A). (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।
(b) Both (A) and (R) are true, but (R) is not correct explanation of (A). (A) और (R) दोनों सही हैं किन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
(c) (A) is true, but (R) is false. (A) सही है, किन्तु (R) गलत है।
(d) (A) is false, but (R) is true.
(A) गलत है, किन्तु (R) सही है।

Ans. (a): कथन तथा कारण दोनों सत्य है तथा कारण, कथन का सही स्पष्टीकरण है क्योंकि धारा 132 के परन्तुक में है यह स्पष्ट प्रावधान है कि ऐसा कोई भी उत्तर जिसे देने के लिए कोई साक्षी विवश किया जायेगा उसे गिरफ्तार या अभियोजन के अधीन नहीं करेगा और न ऐसे उत्तर

द्वारा मिथ्या साक्ष्य देने के लिए अभियोजन में के सिवाय वह उसके विरुद्ध किसी दाण्डिक कार्यवाही में साबित किया जायेगा।

**141. Under Section 45 of the Evidence Act, the opinion of the expert cannot be sought for -**
भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 45 के अधीन, विशेषज्ञ की राय नहीं ली जा सकती:
(a) Foreign law/विदेशी विधि पर
(b) Science or Art/विज्ञान या कला पर
(c) Indian law/भारतीय विधि पर
(d) Finger impression/अंगुलि चिह्न पर
Ans. (c): धारा 45 के अधीन विशेषज्ञ की राय निम्न बातों पर की जा सकती है (1) विदेशी विधि विज्ञान या कला के विषय पर (4) हस्तलेख या (5) अंगुलि चिन्हों की अनन्यता के विषय में

**142. In which of the following cases, constitutional validity of Section 27 of the Indian Evidence Act was challenged on the basis of being violative of Art.20(3) of the Constitution?**
निम्नलिखित में से किस वाद में भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 27 की संवैधानिक वैधता को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 20(3) के उल्लंघन के आधार पर चुनौती दी गयी थी ?
(a) State of U.P. Vs. Deoman Upadhyay उ.प्र. राज्य बनाम देवमन उपाध्याय
(b) State of Bombay Vs. Kathikalu बम्बई राज्य बनाम काठीकालू
(c) Inayatuallah Vs. State of Maharashtra इनायतुल्लाह बनाम महाराष्ट्र राज्य
(d) Nandini Satpathi Vs. P.L. Dhani नन्दिनी सतपथी बनाम पी.एल. धानी
Ans. (b): उ.प्र. राज्य बनाम देवमन उपाध्याय के वाद में भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 27 को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 के आधार पर चुनौती दी गयी थी किन्तु न्यायालय ने धारा 27 को संवैधानिक माना। बम्बई राज्य बनाम काठीकालू के वाद में धारा 27 को संविधान के अनुच्छेद 20(3) के आधार पर चुनौती दी गयी थी किन्तु न्यायालय ने इस वाद में भी धारा 27 को संवैधानिक ठहराया।

**143. A witness unable to speak, gives evidence by sign-gesture in open court, such evidence is -**
बोलने में असमर्थ एक साक्षी, खुले न्यायालय में संकेतों से साक्ष्य देता है। ऐसा साक्ष्य:
(a) Oral evidence/मौखिक साक्ष्य है।
(b) Secondary evidence/द्वितीयक साक्ष्य है।
(c) Special evidence/विशिष्ट साक्ष्य है।
(d) Circumstantial evidence/परिस्थितिजन्य साक्ष्य है।
Ans. (a): धारा 119 के अनुसार वह साक्षी जो बोलने में असमर्थ है, अपना साक्ष्य किसी अन्य प्रकार से जिसमें वह उसे बोधगम्य बना सकता हो, यथा लिखकर या संकेत द्वारा दे सकेगा, किन्तु ऐसा लेख और वे संकेत खुले न्यायालय में ही लिखने होंगे या करने होंगे। इस प्रकार दिया हुआ साक्ष्य मौखिक साक्ष्य ही समझा जायेगा।

**144. Under Evidence Act, value of medical evidence-**
साक्ष्य अधिनियम के अधीन चिकित्सकीय साक्ष्य का मूल्य
(a) is only corroborative./केवल सम्पोषक है।
(b) is conclusive./निश्चायक है।
(c) is of no assistance/सहायक नहीं है।
(d) is conclusive even if contrary to credible and trustworthy evidence of eye-witness. प्रत्यक्ष साक्षी के विश्वसनीय तथा सच्चे साक्ष्य के विपरीत भी श्निचायक है।
Ans. (a):

**145. A is accused of the murder of B. At his trial which of the following facts may be in issue?**
क पर ख की हत्या का आरोप है। उसके विचारण में निम्नांकित में कौन विवाद्यक तथ्य हो सकते हैं।
1. A caused B's death. क ने ख की हत्या की।
2. A is an honest person. क एक ईमानदार व्यक्ति है।
3. A had received grave and sudden provocation from B. /क को ख से गम्भीर और अचानक प्रकोपन मिला।
4. A was awarded for social services.
क को सामाजिक सेवाओं के लिये पुरस्कृत किया गया था।

www.linkinglaws.com

Select correct answer:/सही उत्तर चुनिये:
(a)1&2/1 तथा 2
(b) 1&3/1 तथा 3
(c) 1,2&3/1,2 तथा 3
(d) 1,2,3&4/1, 2, 3 और 4

Ans. (b): प्रश्नगत समस्या में विकल्प (1) क ने ख की हत्या की तथा विकल्प (3) क को ख से गंभीर तथा अचानक प्रकोपन मिला था, विवाद्यक तथ्य है।

**146. Section 112 of the Indian Evidence Act -**
भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 112:
(a) creates an legal friction/विधिक कल्पना का सृजन करती है।
(b) does not provide for presumption. /अवधारणा का उपबन्ध नहीं करती है।
(c) provides for conclusive presumption which can be rebutted by D.N.A, test. डी.एन.ए. परीक्षण द्वारा खण्डनीय निश्चायक उपधारणा का उपबन्ध करती है।
(d) provides for conclusive test not rebuttable in any case,/ किसी भी स्थिति में अखंडनीय निश्चायक परख का उपबन्ध करती है। Ans. (c): धारा 112 के अनसार यह तथ्य कि किसी अनुसार यह तथ्य कि किसी व्यक्ति का जन्म उसकी माता और किसी पुरुष के बीच विधिमान्य विवाह के कायम रहते हुए या उसका विघटन होने के उपरान्त माता के अविवाहित रहते हुए 280 दिनों के भीतर हुआ था, इस बात का निश्चायक सबूत होगा कि वह उस पुरुष का धर्मजपुत्र है जब तक कि यह दर्शित न किया जा सके कि विवाह के पक्षकारों की परस्पर पहुँच किसी ऐसे समय नहीं थी जब कि उसका गर्भधान किया जा सकता था। इस प्रकार यह धारा निश्चायक सबूत के बारे में प्रावधान करती हे जिसका खण्डन नहीं किया जा सकता। किन्तु डी.एन.ए. परीक्षण द्वारा इस उपधारण को खण्डित किया जा सकता है।

**147. Under which section of Cr. P.C., court has discretionary power to summon any person as a witness?**
दण्ड प्रक्रिया संहिता की किस धारा के अधीन न्यायालय को किसी भी व्यक्ति को साक्षी के रूप में सम्मन करने का विवेकाधिकार है?
(a) Section 311/धारा 311
(b) Section 319/धारा 319
(c) Section 311-A/धारा 311- A
(d) Section 313/धारा 313

Ans. (a): प्रश्नगत धाराओं के संगत प्रावधान निम्न प्रकार से है
(a) धारा 311 - आवश्यक साक्षी को समन करने या उपस्थित व्यक्ति की परीक्षा करने की शक्ति
(b) धारा 319 - अपराध के दोषी प्रतीत होने वाले अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही करने की शक्ति
(c) धारा 311-क नमूना हस्ताक्षर या हस्तलेख देने के लिए किसी व्यक्ति का आदेश देने की मजिस्ट्रेट की शक्ति
(d) धारा 313 - अभियुक्त की परीक्षा करने की शक्ति

**148. X is charged for promoting enmity between two groups on the ground of language. Whose previous sanction is required before a court takes cognizance of this offence under Cr. P.C.?**
क पर भाषा के आधार पर दो समूहों के मध्य दुश्मनी फैलाने का आरोप है। इस अपराध का न्यायालय द्वारा संज्ञान लेने से पूर्व दण्ड प्रक्रिया संहिता के अन्तर्गत किसकी पूर्व स्वीकृति आवश्यक है?
(a) District Magistrate/जिला मजिस्ट्रेट
(b) High Court/उच्च न्यायालय
(c) Central Government or State Government केन्द्र सरकार अथवा राज्य सरकार
(d) None of the above/उपरोक्त में कोई नहीं

Ans. (c)

**149. R.M. Malkani Vs. State of Maharashtra, (A.I.R. 1973 SC 157) deals with admissibility of -**
आर.एम. मलकानी बनाम महाराष्ट्र राज्य (ए.आई.आर. 1973 सु.को. 157) किसकी ग्राह्यता से सम्बन्धित है?
(a) Tape recorded evidence/टेप रिकार्ड किया हुआ साक्ष्य
(b) Admission made to public /पुलिस से की गयी संस्वीकृत
(c) Expert opinion/विशेषज्ञ राय
(d) Hearsay evidence/अनुश्रुत साक्ष्य

Ans.(a)

**150. Case of Sharad Chandra Dey Vs. Gopal Chandra Laha is concerned with -**
शरद चन्द्र डे बनाम गोपाल चन्द्र लाहा का वाद सम्बन्धित है -
(a) Confession/संस्वीकृति से
(b) Conspiracy/षडयंत्र से
(c) Presumption/उपधारण से

(d) Estoppel/विबंध से

**Ans. (d) :** शरतचन्द डे बनाम गोपालचन्द्र लाहा/LR 22 Cal. 296 का वाद विबंध पर एक प्रमुख वाद है। इस वाद में यह प्रतिपादित किया गया कि- "कानून इस विचार को मान्यता नहीं देता कि बयान करने वाला व्यक्ति धोखा देने का आशय रखता है अथवा वह स्वतः किसी भूल में हैं। कानून और भारतीय परिनियम जिस विचार को मान्यता देता है वह यह है कि उस वचन का उस व्यक्ति पर क्या प्रभाव पड़ा जिसको बयान दिया गया था।"

LINKING LAWS
Link the Life with Law
www.linkinglaws.com